बाराबंकी में 221 करोड़ से बनेगा औद्योगिक क्लस्टर

- पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किनारे हैदरगढ़ में बनेगा
- सुलतानपुर में क्लस्टर को पहले ही मंजूरी मिल चुकी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में बाराबंकी में भी इंट्रीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) विकसित करने को मंजूरी दे दी। यह आईएमएलसी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे हैदरगढ़ के पास विकसित किया जाएगा। अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने पर 221.42 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे पहले सुल्तानपुर में इंट्रीग्रेटेड लॉजिस्टिक क्लस्टर विकसित करने को मंजूरी दी गई थी।

अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी के तहत बाराबंकी में भी आईएमएलसी विकसित किया जाएगा। बुधवार को कैबिनेट बैठक में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टर विकसित करने पर सहमति जताई गई। यहां उद्योग अनुकूल अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने के लिए 221.42 करोड़ रुपये के बजट को भी मंजूरी दी गई।